माननीय मंत्री जी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा प्रेस ब्रीफिंग हेतु सामग्री

दिनांक : 24 सितम्बर, 2024

स्थान : इंडिया एक्स्पोमार्ट तथा सेंटर

समय : अपरान्ह 4 बजे

- कल दिनांक 25 सितम्बर, 2024 से प्रारम्भ होने जा रहा यह आयोजन UPITS का द्वितीय संस्करण है, यह आयोजन दिनांक 29 सितम्बर तक चलेगा

- आयोजन का शुभारम्भ भारत के उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड़ जी द्वारा कल दिनांक 25 सितम्बर को किया जाएगा

- उदघाटन सत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आयोजन की शोभा बढ़ाई जायेगी | यह योगी जी की ही प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन ही है

कि आज यह आयोजन विश्वपटल पर ब्रांड यू॰पी॰ की पहचान बन गया है

- शुभारम्भ सत्र में MSME मंत्री भारत सरकार श्री जीतन राम मांझी, एवं प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल नंदी जी द्वारा भी प्रतिभाग कर शोभा बढ़ाई जायेगी

- वियतनाम UPITS-2024 का पार्टनर देश है

- आयोजन में 2500 स्टाल्स एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है

- अब तक 70 देशों के 350 से अधिक क्रेताओं द्वारा अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है, यह संख्या और भी बढ़ेगी

- आयोजन में 3,50,000 से अधिक का फुट फाल होने की संभावना है जो विगत वर्ष से भी अधिक है

- इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के सहयोग से वियतनाम, बोलीविया, रूस, वेनेज़ुएला, मिश्र एवं कजाकिस्तान के सांस्कृतिक ग्रुप्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे

- उत्तर प्रदेश के परम्परागत परिवेश एवं परिधान को दुनिया के सामने एक फैशन शो के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा | फसिऔं शो में वस्त्र मंत्री, भारत सरकार श्री गिरिराज किशोर जी द्वारा शोभा शोभा बढ़ाई जायेगी

- समापन समारोह में श्री पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री भारत सरकार द्वारा सम्मिलित होकर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में अपने प्रेरणा वचनों से उत्साह वर्धन किया जाएगा

- UPITS - 2024 में भारत सरकार का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश के अपार

संभावनाएं सृजित हो रही हैं एवं यह आयोजन इसी सहयोग के सहारे नित नए आयाम छू रहा है

- उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा अपने अभिनव प्रयासों, उत्पादों को इस आयोजन में शो केस किया जा रहा है

- ODOP, खादी एवं ग्रामोद्योग, ग्राम्य विकास तथा संस्कृति एवं सूचना विभाग द्वारा विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को शो केस किया जा रहा है

- साथ ही साथ प्रदेश के उभरते निर्यातकों द्वारा अपने उत्पादों के प्रदर्शन के माध्यम से अपनी दक्षता का परिचय दिया जाएगा

- रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को इस आयोजन के माध्यम से दर्शाया जा रहा है

- स्टार्ट अप, ई-कॉमर्स, एक्सपोर्ट्स आदि विषयों पर तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से उद्यमियों और युवाओं को एक नई दिशा एवं दृष्टि प्राप्त होगी

- देश की कुल 14% MSME ईकाईयों, देश के सबसे विस्तृत एक्सप्रेसवेज़, रक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हेतु उत्कृष्ट इको सिस्टम, बेहत्तर क़ानून व्यवस्था, अपैरल के क्षेत्र में बढ़ते कदम ...... यह प्रदर्शित करते हैं कि उत्तर प्रदेश औद्योगीकरण एवं पूंजी निवेश का एक बड़ा हब बन गया है

- इस आयोजन को उद्यमी महाकुम्भ कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी